तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

12 दीपावली के बाद छठ पर्व का उत्साह, श्रद्धा और …



14 भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं उनकी दिव्य शक्ति व…





# वनमंडलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन और रोजगार संवर्धन पर दिया जोर

## धम्मशील ने अमरूवा एवं गोलझर क्षेत्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अलग खबर

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने सोमवार को भक्तिन बांध अमरूवा, बांस प्रसंस्करण केंद्र अमरूवा एवं झरिया बांध गोलझर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में पर्यटन विकास की संभावनाओं, रोजगार मूलक गतिविधियों पर जोर दिया।

वनमण्डलाधिकारी ने समिति सदस्यों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में उपलब्ध प्राकृतिक एवं सामुदायिक संसाधनों का उपयोग कर स्थानीय स्तर पर पर्यावरण-अनुकूल आजीविका और इको-टूरिज्म आधारित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने अमरुवा में स्व-सहायता समूहों को मछली पालन, मुर्गी पालन जैसी रोजगार मूलक गतिविधियां वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से संचालित करने के निर्देश दिए जिससे स्थानीय समुदायों की आय वृद्धि के साथ-साथ संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित हो सके।



### क्षेत्र को विकसित करने के लिए दिए गए सुझाव

निरीक्षण के दौरान भक्तिन बांध अमरूवा और झरिया बांध गोलझर को पर्यटन दृष्टि से विकसित करने हेतु प्रस्तावित गतिविधियाँ जैसे नेचर ट्रेल, बर्ड वॉचिंग पॉइंट, सामुदायिक विश्राम स्थल एवं स्थानीय उत्पाद बिक्री केंद्र स्थापित करने के सुझाव भी दिए गए। वन परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर संतोष कुमार पैकरा ने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, संसाधन संभावनाएँ एवं वर्तमान गतिविधियों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर संतोष कुमार पैकरा सहित सभी वनकर्मी, संबंधित वन समिति सदस्य एवं स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### गौरी गौरा पूजन किया जाएगा 29 को

**सेल।** ग्राम सेल में 29 अक्टूबर को गौरी गौरा पूजन कार्यक्रम का आयोजन रखा गया हैं। शंकर भगवान माता पार्वती का प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। स्थानीय सूतियापारा मोहल्ला में गौरा पक्ष लोचन प्रसाद साहू, कृष्णा देवी साहू, गौरी पक्ष साहेबलाल पैंकरा, गीता बाई पैंकरा, गुड़ी पारा में गौरा गौरी का विवाह होगा। 29 अक्टूबर को मंडपाच्छादन एवं स्थापना किया जाएगा तथा 1 नवंबर को गौरा बारात एवं गौरी गौरा विवाह 2 नवंबर को विसर्जन किया जाएगा, जिसमें बैगा दशरथ वर्मा तथा समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।

### भाजपा बलौदाबाजार शहर एवं ग्रामीण मंडल की संयुक्त बैठक आज

**बलौदाबाजार।** भारतीय जनता पार्टी बलौदाबाजार शहर एवं ग्रामीण मंडल की आवश्यक एवं संयुक्त बैठक आज बुधवार, 29 अक्टूबर 2025 को दोपहर 12 बजे भाजपा जिला कार्यालय बलौदाबाजार में आयोजित की जाएगी। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन देने हेतु छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, विधानसभा प्रभारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, बैठक प्रभारी कृष्णा अवस्थी एवं टेसूलाल धुरंधर सहित जिला पदाधिकारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहेंगे। बैठक में शहर एवं ग्रामीण मंडल के सभी पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक, बूथ अध्यक्ष, सक्रिय सदस्य, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, जिला एवं जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच-पंच, सहकारी समिति अध्यक्ष, शाला विकास समिति अध्यक्ष सहित सभी ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को सादर आमंत्रित किया गया है।

### लापरवाही पर चॉइस सेंटर संचालक का आईडी निरस्त

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कार्य में लापरवाही बरतने पर एक चॉइस सेंटर संचालक के ई-डिस्ट्रिक्ट आईडी निरस्त कर दिया गया है। अपर कलेक्टर अवधराम टण्डन ने बताया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सेवाओं को ऑनलाइन माध्यम से चॉइस सेंटर संचालक को पूर्ण दस्तावेज अपलोड करना होता है। अपूर्ण दस्तावेज अपलोड करने पर समय पर प्रमाण पत्र जारी नही होता है जो कि संतोषप्रद स्थिति नहीं है। इसलिए विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम बड़गांव निवासी चॉइस सेंटर संचालक पुरन सिंह का आईडी निरस्त निरस्त किया गया है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्रमांक 4 निवासी लीलाधर धीवर (28) ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पलारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



### शराब जब्त, आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम बलौदा में पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी बाबाजी राणा पिता महादेव राणा (72 साल) निवासी बलौदा के कब्जे से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब 03 लीटर कीमत 600 रूपये को जब्त किया।

## समस्या : गुरुघासीदास चौक से हडहापारा माँ कर्मा माता चौक तक मुख्य मार्ग वर्षों से टूटा-फूटा

# कसडोल का गौरवपथ मार्ग जर्जर राहगीर हो रहे दुर्घटनाओं का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर के गुरुघासीदास चौक से हडहापारा माँ कर्मा माता चौक तक लोकनिर्माण विभाग अंतर्गत आने वाले नगर के मुख्यमार्ग कई वर्षों से जर्जर हो चुका है, लेकिन लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी कभी इस ओर ध्यान नहीं देते यदि कोई शिकायत करे तो खानापूर्ति के लिए बस गुणवत्ताहीन पेच वर्क करके छोड़ देते है, लेकिन प्रतिदिन नगरवासी सहित इस मार्ग से हजारों की संख्या में आमजन गुजरते है, और लोकनिर्माण सहित क्षेत्रीय नेताओ को कोसते रहते है, लेकिन कुम्भकर्णी निद्रा में सोया विभाग के अधिकारियों की मजाल है कि सड़क को दीपावली जैसे मुख्य त्योहारों पर बना दे। लेकिन विभाग को हिन्दुत्व त्योहारों सहित जर्जर सड़क से कोई फर्क नहीं पड़ता और इधर जनता सरकार को कटघरे में खड़ा करती रहती है।

रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाला राहगीर सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते है, इसके अलावा गड्डों सहित कीचड़युक्त गंदा पानी से सन जाते है, लेकिन हमें क्या की तर्ज पर लोकनिर्माण विभाग कसडोल के अधिकारी सोया हुआ है, गौरतलब है कि इस मुख्यमार्ग से विधायक, एसडीएम, तहसीलदार सहित पीडब्ल्यूडी के तमाम इंजीनियर और नेता इस सड़क से गुजरते जरूर हैं, लेकिन उन्हें बड़े-बड़े गड्ढे और आम आदमी की समस्या दिखाई नहीं देता, दिखाई भी इसलिए नहीं देता कि लाखों रुपए की गाड़ी में चलते है।






### पानी से लबालब हुए गड्ढे

*कसडोल नगर के गौरव पथ कई वर्षों से विकास के लिए आपेक्षित है, लेकिन ध्यान नही दिया जा रहा है, दीपावली पर ऑटो पाट्र्स द्वारा मोटरसाइकिल वाहनों की वाशिंग के दौरान सड़क पर पानी भरा रहा लेकिन रविवार की दोपहर हुई बारिश के चलते गड्ढे में पूरा पानी भरा रहा, गौरवपथ के आचार्य पेट्रोल पम्प के सामने सड़क पर गड्ढा कई माह से बना है इसके अलावा कई जगहों पर भी गड्ढे ही गड्ढे है।*

### सुधार न होने पर करेंगे आंदोलनः विधायक

*तभी तो गिधौरी, सिरपुर रोड सहित बलार रोड़ पर गड्ढे ही गड्ढे है, अब देखने वाली बात होगा कि विभाग कब जर्जर सड़क और गड्ढों पर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराता है। इधर विधायक संदीप साहू ने कहा की जानकारी संज्ञान पर आने के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से तत्काल दुरुस्त करने बोला जायेगा। अगर समय पर सड़क का कार्य नहीं किया गया तो आंदोलन किया जायेगा। वही पीडब्ल्यूडी कसडोल के अनुविभागीय अधिकारी प्रमोद गुप्ता ने जल्द सुधार करने की बात कहा है ।*

# बलौदाबाजार में 2 से 4 नवंबर तक होगा तीन दिवसीय राज्योत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

रजत जयंती क़े अवसर पर 2 नवंबर से 4 नवम्बर तक तीन जिला स्तरीय राज्योत्स्व का आयोजन पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान बलौदाबाजार में होग़ा। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को अधिकारियों क़े साथ स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए गरिमापूर्ण आयोजन एवं समय पर तैयारी पूर्ण करने क़े निर्देश दिये।

कलेक्टर ने मुख्य मंच निर्माण, मुख्य प्रवेश द्वार, वाहन पार्किंग, बैठक व्यवस्था, पेयजल, साफ सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं विभागीय प्रदर्शनी हेतु स्टॉल आदि क़े सम्बन्ध में जरुरी निर्देश दिये। उन्होंने राज्योत्स्व स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, सभी स्टॉलो में सामान डिजाइन एवं आकार क़े फ्लेक्स लगाने कहा। उन्होंने मौक़े पर करीब 18 विभागों को विभागीय प्रदर्शनी हेतु स्टॉल का आवंटन भी किया। राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु स्थानीय एवं बाहर क़े कलाकारों से समन्वय करने तथा स्कूली बच्चों द्वारा भी संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति हेतु आवश्यक तैयारी करने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया।

### ये रहे मौजूद

*उन्होंने राज्योत्सव क़े दौरान 1 नवम्बर से 5 नवंबर तक तक सभी शासकीय कार्यालयों एवं शासकीय भवनों में रोशनी करने को कहा है। जिला स्तरीय राज्योत्स्व में विभागीय विकास प्रदर्शनी क़े साथ ही मुख्य मंच से हितग्राहियों को सामग्री वितरण, चेक वितरण एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किये जाएंगे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अवध राम टंडन, एसडीएम प्रकाश चंद्र कोरी, सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी सहित विभिन्न विभागों क़े जिला अधिकारी मौजूद थे।*

# 48 बालिकाओं को सरस्वती योजना के तहत सायकल वितरित

**सेल।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेल में हिंदी इंग्लिश मीडियम के 48 बालिकाओं सरस्वती योजना के तहत सायकल वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कक्षा 9वीं के बेटियों को सायकल उपलब्ध कराया गया। हर साल कक्षा 9वीं के बालिकाओं को मुख्यमंत्री महत्वाकांक्षी योजना के तहत बेटियों को सायकल वितरण किया गया है। अब स्कूल पढ़ने आने में सुविधा होगा। गांव सहित दूसरे गांव से पैदल चलकर पढ़ाई लिखाई करने आते थे। अब इधर सायकल में पढ़ने आएंगे। सायकल मिलने से बालिकाओं का चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि राज साहू, सुरेश कुमार साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष देवनारायण वर्मा, उपसरपंच प्रमोद कुमार घृतलहरे, पंच प्रतिनिधि नारायण भारद्वाज, पंच हरिश कुमार साहू, पंच जगेश जायसवाल श्रीकिशन साहू, प्राचार्य जितेंद्र कुमार देवांगन, शिक्षक हरप्रसाद साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, छोटूदास मानिकपुरी, ओमप्रकाश साहू, रमहैयालाल कश्यप, सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित हुए थे।



# पलारी में सीसी रोड निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

**पलारी।** नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्रमांक 2 में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सीसी रोड के निर्माण से वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के दिनों में होने वाली दिक्कतों से राहत मिलेगी। अध्यक्ष साहू ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और विकास कार्य की शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में अतिथि एवं जनप्रतिनिधि नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नंद वर्मा, पार्षदगण डोमार सिंह वर्मा, लेखु वर्मा, नारायण धीवर, पुनीत निषाद, मनोज वर्मा, ताजेंद्र कन्नौजे एवं राजेंद्र साहू उपस्थित रहे।



# नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम ने बढ़ाया ग्रामीणों का विश्वास तिल्दा ब्लॉक शिविर में बड़ी संख्या में हुई भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

राज्य सरकार द्वारा नेत्र विभाग में चलाए जाने वाला संपूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम 24 से 30 अक्टूबर 2025 तक चलाया जा रहा है, सीएमएचओ डॉ मिथलेश चौधरी के निर्देशानुसार एवं नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ समता रंगारी के मार्गदर्शन में रायपुर जिला के तिल्दा विकासखंड का चयन किया गया है, जिसके लिए पूरे जिले भर के नेत्र सहायक अधिकारीयों की 19 टीम बनाकर पूरे ब्लॉक में ड्यूटी लगाया गया है, जहाँ विकासखंड के प्रत्येक गांव मे नेत्र शिविर लगाया जा रहा है।

इस दौरान दृष्टिहीनता का सर्वेक्षण पंजीयन, एक आंख, दोनों आंख, कारण का पता लगाना और मोतियाबिंद के मरीजों की खोज व पंजीयन, परीक्षण, उपचार निशुल्क चश्मा वितरण, नेत्रदान, नेत्र सुरक्षा की जानकारी आदि कार्य किया जा रहा है, आज तिल्दा ब्लॉक के कोहका पंचायत मे नेत्र शिविर लगाया गया, आरंग ब्लॉक के नेत्र सहायक अधिकारी सालिक नवरंगे एवं अन्नपूर्णा वर्मा नेत्र जांच के लिए उपस्थित थे। कुल 26 मरीजो ने अपना जांच कराया 06 मोतियाबिंद के मरीज मिले जिन्हे ऑपरेशन हेतु माना भेजा जायेगा।

**ये रहे उपस्थित**-इस अवसर पर नेत्र सहायक अधिकारी सालिक नवरंगे, अन्नपूर्णा वर्मा, सीएचओ अभिलाषा रानीदास, पर्यवेक्षक दीपाली सरकार, मितानिन पर्यवेक्षक पदमनी वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता हीरा वर्मा, सहायिका देवकुमारी जायसवाल, मितानिन कमला वर्मा, चम्पा जायसवाल, गौतम धीवर, टिकेशवरी निषाद एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।



## स्मार्ट मीटर और बढ़े बिलों के विरोध में सौंपा गया ज्ञापन

# भीम आर्मी ने बिजली ऑफिस का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

■ दोषपूर्ण मीटर हटाने, पुराने मीटर लगाने और गरीब उपभोक्ताओं को राहत देने की हुई मांग

अनियमित बिजली बिल,स्मार्ट मीटर के विरोध में भीम आर्मी ने बीते सोमवार को बिजली ऑफिस बाबाकुटी का छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश महासचिव/अतिरिक्त बिलासपुर संभाग प्रभारी मनीन्दर सिंह आजाद के नेतृत्व में घेराव किया गया। जिसकी अध्यक्षता खगेश निराला पुर्व वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष और अमित जायसवाल पूर्व जिला उपाध्यक्ष द्वारा किया गया।

भीम आर्मी की टीम ने गुरु घासीदास ज्ञान स्थल से विद्युत कार्यपालन अभियंता कार्यालय तक पैदल मार्च कर घेराव किया तथा सारंगढ़ के तहसीलदार को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इन्होंने अपने ज्ञापन में दोष पूर्ण स्मार्ट मीटर हटाए जाने, पहले वाले मीटर लगाने, बढ़े बिलों की जांच कर सही व निर्धारित बिल भेजने, गरीब उपभोक्ताओं को विशेष राहत देने, हॉफ बिजली बिल योजना को फिर से शुरू करने की मांग की है।



### ये हुए शामिल

*कार्यक्रम में भीम आर्मी छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष निराला, जिला अध्यक्ष आपूर बंजारे, कार्यवाहक ज़िला अध्यक्ष सुशील अनंत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमन प्रेमी, पूर्व जिला महासचिव अजय खूंटे, जिला महासचिव मनोज जांगडे, पूर्व जिला सचिव समन निराला, पूर्व ज़िला कोषाध्यक्ष अमित कुर्रे, ज़िला मीडिया प्रभारी वासु बजाज, ज़िला आईटी सेल प्रभारी राजेश भास्कर, पूर्व बिलाईगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश प्रेमी, पूर्व सारंगढ़ ब्लॉक उपाध्यक्ष गजराज जांगडे, पूर्व सारंगढ़ ब्लॉक उपाध्यक्ष शिव भारती, पूर्व सारंगढ़ महासचिव अभय निराला सहित सैकड़ों सदस्य शामिल थे।*

स्टाफ की आवश्यकता है

मैनेजर - 2 पद

अकाउंटेंट - 2 पद

नर्सिंग स्टाफ - 5 पद

रिसेप्शनिस्ट - 3 पद

PRO - 5 पद

प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

डॉ. राबिया वसीम

डायरेक्टर व डेंटल सर्जन

आर्थोपेडिक्स एवं क्रिटिकल केयर

जनरल सर्जरी विभाग

स्त्री रोग विभाग

जनरल मेडिसिन विभाग एवं ICU

नोट: अनुभवी को प्राथमिकता एवं वेतन योग्यतानुसार संपूर्ण दस्तावेज के साथ सम्पर्क करें

ओमकार

मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर

छुईहा, भाटापारा रोड, बलौदा बाज़ार, जिला: बलौदाबाज़ार-भाटापारा (छ.ग.)

मो.: 9669861908, 7869611406

**खबर संक्षेप**

## सर्व नाई सेन व श्रीवास समाज ने आयेजित किया दीपावली मिलन समारोह



**पलारी।** सर्व नाई सेन एवं श्रीवास समाज के तत्वाधान में जिला स्तरीय दीपावली मिलन एवं कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष बसंत श्रीवास की अध्यक्षता में आगामी रचनात्मक कार्यों, कार्यकारिणी विस्तार और जिला स्तरीय सम्मान समारोह की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में जिला सचिव नागेश सेन ने वर्तमान पदाधिकारियों की जानकारी दी तथा संगठन को और सशक्त बनाने के लिए सभी सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले के सभी पांच विकासखंडों से संतुलित प्रतिनिधित्व के साथ नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसमें युवा, महिला, कर्मचारी, विधि, चिकित्सा एवं सैलून प्रकोष्ठ सहित विभिन्न इकाइयों का विस्तार किया जाएगा। कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष लोकनाथ सेन ने पद संरचना और संतुलित नियुक्तियों पर मार्गदर्शन दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले के रचनात्मक कार्यों हेतु पृथक प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे तथा शीघ्र ही ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी गठन का अभियान चलाया जाएगा। साथ ही आगामी माह में कसडोल में जिला स्तरीय सम्मान समारोह सह सामाजिक सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें समाज के उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

### सूर्य देव और छठी मइया की आराधना में दिखी आस्था

# उगते सूर्य को अर्घ्य देकर की मंगल कामना, छठ पर्व का हुआ समापन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

दीपावली के बाद अब पूरे जिले में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की धूम देखने को मिली। पूर्वांचल की परंपरागत पूजा अब छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा बन चुकी है। जिले के तालाबों, नदियों और घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। महिलाओं और पुरुषों ने सूर्य देव व छठी मइया की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की।

छठ पर्व चार दिनों तक चलने वाला अनुष्ठान है, जिसकी शुरुआत 25 अक्टूबर को 'नहाय-खाय' से हुई। इस दिन व्रती स्नान कर सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। 26 अक्टूबर को 'खरना' का आयोजन हुआ, जिसमें व्रती दिनभर निर्जला उपवास रखकर शाम को गुड़-चावल की खीर का प्रसाद बनाकर भगवान सूर्य और छठी मइया को अर्पित करते हैं। 27 अक्टूबर को व्रतियों ने घाटों पर पहुंचकर डूबते सूर्य को संध्या अर्घ्य दिया। सुबह व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ पूजा का समापन किया। श्रद्धालुओं ने दूध और जल से सूर्य को अर्घ्य देते हुए समाज में खुशहाली, समृद्धि और निरोग जीवन की प्रार्थना की। पौराणिक मान्यता है कि छठ मइया की पूजा से संतान सुख, आरोग्यता और समृद्धि का वरदान प्राप्त होता है। इस व्रत में 36 घंटे का कठोर निर्जला उपवास रखा जाता है, जो आस्था और संयम की पराकाष्ठा मानी जाती है।

# बुडगहन नाले में अज्ञात महिला का शव मिलने से फैली सनसनी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुडगहन के नाला में मंगलवार सुबह एक अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय ग्रामीणों ने नाले के किनारे शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद थाना सिटी कोतवाली पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल का सावधानीपूर्वक निरीक्षण करते हुए आसपास के ग्रामवासियों एवं प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ शुरू की है। प्रारंभिक जांच में शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शव किसी महिला का प्रतीत हो रहा है, जिसका अनुमान शव पर पहने कपड़ों के आधार पर लगाया गया है।

■ मामले की जांच में जुटी है पुलिस

फिलहाल पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही यह जांच की जा रही है कि शव कितने दिन पुराना है और मृत्यु के पीछे क्या कारण हो सकते हैं। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि शव की पहचान एवं कारणों की पुष्टि के बाद ही आगे की विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर जिज्ञासा और आशंका दोनों का माहौल है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी लापता महिला के संबंध में जानकारी हो तो तुरंत थाना सिटी कोतवाली, बलौदाबाजार से संपर्क करें, ताकि मृतका की पहचान जल्द स्थापित की जा सके।

# सिमगा में प्रेमिका के पति पर किया प्राणघातक हमला, पुलिस ने आरोपी को छिंदवाड़ा से किया गिरफ्तार

**सिमगा।** नगर में 25 अक्टूबर को घटित पति पर प्राणघातक हमले के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह वही मामला है जिसमें पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने आरोपी को मध्य प्रदेश के जिला छिंदवाड़ा से गिरफ्तार किया है।

घटना के अनुसार आहत उमाशंकर कुंभकार (36 वर्ष) निवासी भवानी नगर सिमगा पर उसकी पत्नी निशा कुंभकार ने अपने प्रेमी प्रदीप कहार के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई थी। शादी से पहले दोनों के बीच प्रेम संबंध थे, जो विवाह के बाद भी जारी रहे। पति को रास्ते से हटाने के इरादे से पत्नी ने अपने प्रेमी को सिमगा बुलाया और 25 अक्टूबर की शाम अपने पति को बहाने से बेमेतरा पुराने पुल के पास बुलवाया। वहां पहले से मौजूद आरोपी ने लोहे की धारदार कैंची से उमाशंकर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया।

**छिंदवाड़ा में ट्रेस हुआ आरोपी-** प्रार्थी सुनील कुमार कुंभकार की रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध क्रमांक 596/2025 धारा



109, 61(2)(क) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में तत्काल कार्रवाई करते हुए पहले आरोपी पत्नी निशा कुंभकार को गिरफ्तार किया गया।फरार प्रेमी आरोपी की तलाश में साइबर सेल एवं सिमगा पुलिस की संयुक्त टीम ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी का लोकेशन छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश में ट्रेस किया।

**आरोपी ने स्वीकारा गुनाह-** पुलिस टीम ने वहां दबिश देकर आरोपी प्रदीप कहार उर्फ अनुज साहू उर्फ मैथ्यू (24 वर्ष) निवासी ग्राम लखनवाड़ा, थाना अमरवाड़ा, जिला छिंदवाड़ा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने पत्नी निशा कुंभकार के साथ मिलकर पति की हत्या की योजना बनाकर हमले को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 28 अक्टूबर 2025 को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू की है।

# अर्जुनी वन में गौर का शिकार और सिद्धखोल झरने पर फिल्म यूनिट की गतिविधियों पर जताई चिंता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

जिले के वनों में बढ़ती अवैध गतिविधियों और वन्य प्राणियों पर खतरे को लेकर स्थानीय वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के अध्यक्ष निखिलेश त्रिवेदी ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने वन मंडल बलौदाबाजार के अधिकारियों से वनों में सख्त निगरानी बढ़ाने और वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। श्री त्रिवेदी ने बताया कि विगत दिनों अर्जुनी वन परिक्षेत्र के बिलाड़ी परिसर में एक गौर (भारतीय बाइसन) का कुछ शिकारियों द्वारा अवैध शिकार किया गया था। आरोपियों ने न केवल गौर का शिकार किया, बल्कि उसका अंग-भंग कर शव को क्षत-विक्षत अवस्था में छोड़ दिया, जो वन्यजीव संरक्षण कानून का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने वन विभाग एवं पुलिस प्रशासन से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

■ वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसायटी ने की कड़ी कार्रवाई और सख्त निगरानी की मांग

### फिल्म की शूटिंग पर भी जताई आपत्ति

इसी क्रम में उन्होंने सिद्धखोल झरने के पास चल रही एक छत्तीसगढ़ी फिल्म की शूटिंग पर भी आपत्ति जताई है। उनके अनुसार, फिल्म यूनिट के सदस्य अत्यधिक पटाखे फोड़ रहे हैं, जिससे आसपास विचरण कर रहे हाथियों का झुंड उत्तेजित और आक्रामक हो गया है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि ऐसे कृत्य न केवल वन्य प्राणियों के लिए खतरा हैं, बल्कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध भी हैं। उन्होंने वन विभाग से इस प्रकरण में तत्काल संज्ञान लेकर उपद्रवियों पर जुर्माना लगाने और पूरी फिल्म यूनिट को वन क्षेत्र से बाहर करने की मांग की है।



### नियमों का कड़ाई से हो पालनः त्रिवेदी

*श्री त्रिवेदी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि फिल्मांकन की विधिवत अनुमति ली गई है और आवश्यक शुल्क का भुगतान किया गया है, तो शूटिंग अवैध नहीं मानी जाएगी। किंतु फिल्म निर्माण के दौरान शोर-शराबा, पटाखों, बाजा-गाजा और भीड़भाड़ से वन्य प्राणियों के प्राकृतिक आवास को क्षति नहीं पहुंचनी चाहिए। उन्होंने वन विभाग से आग्रह किया कि ऐसे मामलों में नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले के वन्यजीवों की सुरक्षा और पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखा जा सके।*

# अनुसूईया साहू के नेतृत्व में बया मंडल में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल**

सोनाखान अंतर्गत कांग्रेस कमेटी बया मंडल अध्यक्ष अनुसूईया प्रमोद साहू क्े नेतृत्व में आज बया मंडल अंतर्गत संगठन का महत्वपूर्ण बैठक ग्राम बया में रखा गया जिसमें कांग्रेस क्े वरिष्ठ कार्यकर्त्ता, कर्मठ कार्यकर्त्ता व युवा कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अनुसूईया साहू ने खड़े होकर क्े सभी उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं का सम्मान किया व आभार प्रकट किया।

■ सेक्टर और बूथ कार्यकारिणी की नियुक्ति प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा

■ वरिष्ठ और युवा कार्यकर्ताओं की सक्रिय उपस्थिति, संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

बैठक में सेक्टर, बूथ क्े कार्यकारिणी क्े संदर्भ में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई उपरांत नियुक्ति कि प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष ने कहा कि सभी



कार्यकर्त्ताओं कि अधिक से अधिक उपस्थिति हो इसके संदर्भ में हमने सभी से बैठक में उपस्थिति हेतु आग्रह किया गया था। अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद साहू ने कहा कि बैठक मनीराम पंकज प्रदेश सचिव अनुसूचित जाति कांग्रेस क्े निज निवास पर आयोजित किया गया था एवं सभी कार्यकर्त्ताओं को इसकी सूचना लगभग एक सप्ताह पूर्व से दी गई थी ताकि वरिष्ठ जनों कि उपस्थिति सुनिश्चित कि जा सके।

**ये रहे उपस्थित-** बैठक में विशेष रूप से मंडल अध्यक्ष अनुसूईया प्रमोद साहू, गीता बाई साहू संगठन सचिव तहसील साहू समाज सोनाखान, संतोष दीवान राष्ट्रीय समन्वयक, अनुसूचित जनजाति कांग्रेस मनीराम पंकज, प्रदेश सचिव अनुसूचित जाति कांग्रेस संजय गोयल, विधायक प्रतिनिधि किशोर साहू, तहसील अध्यक्ष साहू समाज सोनाखान एवं विधायक प्रतिनिधि, मोहित चौधरी पूर्व मंडी, अध्यक्ष बया पंडेवा चौहान पूर्व सरपंच कोरकूटी, संजय सुमन चौहान सोशल मिडिया संयोजक, विरेंद्र सेन युवा कांग्रेसी नेता, भूपेश दीवान पूर्व उपसरपंच अमरुवा, नंद कुमार पटेल पूर्व उपसरपंच राजादेवरी, कुबेर बरिहा सचिव मंडल कांग्रेस बया हरिचंद चौधरी, सहानु दिवान, रेखराम यादव, अजय डड़सेना, सोनू साहू, लाला साहू टिकम ठाकुर, राजकुमार निषाद, परमानंद ठाकुर, विजय ठाकुर सहित कांग्रेसी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# खरोरा में कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान शुरू, जनता को लोकतंत्र का संदेश

**खरोरा ।** जिला रायपुर के खरोरा ब्लॉक के अंतर्गत खरोरा -केसला में कांग्रेस पार्टी का हस्ताक्षर अभियान प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है, जिसमे खरोरा परिछेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस अभियान का आगाज आज किया गया, कांग्रेस के कार्यकर्ता इस अभियान के तहत घर घर जा कर लोगो को इस अभियान के बारे में बताया गया वह सहमति से हस्ताक्षर लिया गया। इस अभियान की शुरुवात करते हुए पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा ने कहा की इस अभियान का उद्देश्य जनता की आवाज़ को मज़बूती से उठाना है। वोट चोर गद्दी चोर केवल एक नारा नहीं, बल्कि उन ताकतों के खिलाफ जन-आक्रोश है जो लोकतंत्र और जनादेश का अपमान करती हैं। जनता का वोट विश्वास होता है, और जो उस विश्वास को तोड़ते हैं, वे लोकतंत्र के अपराधी हैं। खरोरा ब्लॉक की जनता ने कांग्रेस विचारधारा के प्रति अटूट विश्वास दिखाया है। हर पंचायत, हर गाँव में जनता ने इस हस्ताक्षर अभियान को समर्थन दिया। यह आंदोलन शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक



और जनहित की रक्षा के लिए है। वही खरोरा नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद डॉ सुरेन्द्र गिलहरे ने कहा की- हमारी मांग स्पष्ट है, जनादेश का सम्मान हो, जनता से छल करने वालों पर कार्रवाई हो, और जवाबदेही तय की जाए। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, जब तक लोकतंत्र के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होती। खरोरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की हस्ताक्षर अभियान में धरसींवा युवक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित वर्मा, मुकेश भारद्वाज सभापति जनपद पंचायत तिल्दा, जुबेर अली पूर्व पार्षद खरोरा, कपिल नशीने पूर्व पार्षद,संत नवरंगे पूर्व पार्षद, धनेश राम वर्मा कार्यालय प्रभारी खरोरा, राकेश देवांगन पार्षद खरोरा, भानुप्रताप भट्ट मिडिया प्रभारी, सतीश पटेल सेक्टर प्रभारी, सुमित मारकंडे, छोटू यादव, नरेश नायक सहित अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने किया मोदी की गारंटी लागू करने के लिए ज्ञापन सौंपने का ऐलान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने मोदी की गारंटी लागू करने हेतु 29 अक्टूबर को भोजन अवकाश में कलेक्टर बलौदाबाजार को माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ के नाम से प्रदेश के कर्मचारियों की मांगों एवं ज्वलंत मांगों एवं समस्याओं का निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपेंगे।



जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे के द्वारा जानकारी देते हुए निम्न मांगों को शासन से निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपने की जानकारी दी गई है जिसमें मांगे निम्न अनुसार हैं संघ द्वारा पूर्व में दिनांक 18 जून को मोदी की गारंटी के नाम से कर्मचारियों के लिए की गई घोषणा को लागू करने हेतु ध्यान आकर्षण ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन निराकरण नहीं होने के कारण से पुनः ज्ञापन सौंपा जा रहा है।

### प्रमुख मांगे

(1) छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारी पेंशनरों को केंद्रीय कर्मचारियों की भांति देय तिथि से महंगाई भत्ता तथा पेंशनरों को महंगाई राहत दिया जाए तथा डी ए की राशि जीपीएफ खाते में सामाजिक किया जावे (2) केंद्रीय कर्मचारियों एवं विभाजित मध्य प्रदेश के कर्मचारियों की भांति सेवानिवृत पर छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को भी 240 दिन के स्थान पर 300 दिनों का अवकाश नगदी करण का आदेश जारी किया जाए (3) संविदा दैनिक वेतन भोगी अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जावे तथा मध्य प्रदेश की तरह सेवा सुरक्षा सुनिश्चित किया जाये (4 )प्रदेश के सभी संवर्गों के अधिकारी कर्मचारियों को सेवा काल में चार स्तरीय वेतनमान संबंधी आदेश जारी किया जावे (5 ) प्रदेश के सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर किया जावे (6) शिक्षक लिपिक सहित विभिन्न सावर्गों के वेतन में संगति दूर करने हेतु गठित समिति यथाशीघ्र अपना प्रतिवेदन प्रकाशित कर लागू करें (7) प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना करते हुए शिक्षक एलबी सावर्ग को समस्त सेवा का लाभ दिया जावे (8) उत्तर प्रदेश की भाती छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा एवं बोनस दिया जावे (9) प्रदेश में अनुकंपा नियुक्ति की 10% सीलिंग समाप्त करते हुए अनुकंपा नियुक्ति के सभी पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दिया जाए ।

# पैसा वसूली के मामले में श्रम निरीक्षक निलंबित तीन उप निरीक्षकों को शो कॉज नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार**

व्यापारियों से पैसा वसूलने क्े मामले में त्वरित एवं बड़ी कार्रवाई करते हुए श्रमायुक्त द्वारा भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के चलते श्रम निरीक्षक रामचरन कौशिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

■ महिला उत्पीड़न जांच समिति के नाम पर हुई धन उगाही का मामला उजागर अपर श्रमायुक्त ने तीन दिन में जवाब मांगा

कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा गठित जांच समिति की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में पाया गया कि श्रम पदाधिकारी बलौदाबाजार में पदस्थ श्रम निरीक्षक रामचरन कौशिक द्वारा कार्यक्षेत्र में भ्रमण के दौरान कथित रूप से अवैध वसूली और अनियमितताएं की गई हैं। साथ ही महिला उत्पीड़न जांच समिति गठन क्े निरीक्षण क्े नाम पर व्यापारियों से पैसा उगाही क्े मामले में आरोपी श्रम निरीक्षक क्े साथ मौक़्े पर मौजूद दो श्रम उप निरीक्षक एवं एक प्लेसमेंट श्रम कल्याण उप निरीक्षक को अपर श्रमायुक्त द्वारा नोटिस जारी कर 3 दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया है। जारी नोटिस क्े अनुसार जांच समिति की रिपोर्ट में श्रम पदाधिकारी कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा पॉस एक्ट के तहत आंतरिक परिवाद समिति के गठन करवाये जाने वाले दल में सम्मिलित श्रम निरीक्षक रामचरण कौशिक के द्वारा गुमाश्ता लायसेंस एवं पॉस समिति के गठन के नाम पर भयादोहन करते हुए राशि की अवैध वसूली किया जाना पाया गया है।

### 3 दिन के भीतर मांगा गया जवाब

*उक्त श्रम विभागीय दल में श्रम उप निरीक्षक अभय दुबे, कोमल सिंह मरावी एवं श्रम कल्याण निरीक्षक (प्लेसमेंट ) कार्तिकेय दुबे भी विभिन्न संस्थानों की जाँच के समय में सम्मिलित रहे और अपने दल के साथी को व्यापारियों से किये जा रहे अभद्र व्यवहार एवं अवैध वसूली को नहीं रोका जाना पाया गया। इस सम्बन्ध में तीनों उप निरीक्षक से स्पष्टीकरण 3 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने कहा गया है कि क्यों न श्रम निरीक्षक रामचरण कौशिक के अवैधानिक कृत्य में आपको भी भागीदार मानते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाए।*

# भालेसूर से कठिया मार्ग की बदहाल सड़क से ग्रामीण परेशान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन**

सिमगा ब्लॉक के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत भालेसूर से कठिया तक जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी हुई सड़क के कारण वाहनों का आवागमन बेहद कठिन हो गया है। स्थानीय सरपंच नवीन वर्मा, पंच टकेश्वर वर्मा एवं पूर्व सरपंच संतन दास बांधे ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन ग्रामीण, विद्यार्थी एवं शिक्षक आवागमन करते हैं।


यही सड़क बरसात के दिनों में गांव से बाहर निकलने का एकमात्र साधन है, लेकिन अब इसकी स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग निर्माण के बाद से ही उस पर आसपास के छोटे-बड़े उद्योगों और कंपनियों के भारी वाहन लगातार चलते रहे, जिससे सड़क पर भार अधिक पड़ने के कारण डामर परत टूटने लगी। संबंधित विभाग की लापरवाही और देखरेख के अभाव में यह सड़क अब गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क मरम्मत या पुनर्निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया तो बरसात में यह मार्ग पूरी तरह से बंद हो जाएगा, जिससे बच्चों के स्कूल, राशन दुकान और आवश्यक सेवाओं तक पहुंचना दूभर हो जाएगा। लोगों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण कर राहत देने की मांग की ।



HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH



## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है। मिलने का समय : सुबह 9 से शाम 7 बजे तक

पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
24 अक्टूबर 2025
SHOW TIME
थामा
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
एक दीवाने की दीवानियत
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### ईशर गौरा विवाह महोत्सव व सुवा प्रतियोगिता 1 नवंबर को

**अर्जुनी।** एक नवंबर को एकादशी पर ग्राम टोपा में शाम 4 बजे से ईशर गवरा विवाह महोत्सव एवं सुवा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन रखा गया है। ग्रामवासी उत्साह और उमंग के साथ इस सांस्कृतिक पर्व की तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक लोक संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र में लोकगीत, नृत्य, और पारंपरिक रस्मों के माध्यम से संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्य अतिथि भूपेंद्र ध्रुवंशी जिला अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज बलौदाबाजार विशिष्ट अतिथि दौलत कुंजाम, अध्यक्ष टोनाटार चक, अध्यक्षता साधराम ध्रुव, रायपंच ग्राम टोपा विशेष अतिथि भानु ध्रुव जिला उपाध्यक्ष, थानू ध्रुव जिला सचिव, केशव कुंजाम सांस्कृतिक प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज बलौदाबाजार, पिंकी रामरतन यादव सरपंच ग्राम पंचायत टोपा उपस्थित रहेंगे।

### पीएम आवास की सहयोग राशि बढ़ाने की मांग

**बंगोली ।** प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत मिलने वाली सहयोग की राशि को बढ़ाने की मांग । ग्रामीण अंचल मे बन रहे पीएम आवास, प्रतीक्षा सूची व सर्वे मे जो पात्र पाए गये हितग्राहियों ने मांग की है कि केंद्र सरकार द्वारा दिये जाने वाले सहयोग की सामग्री राशि 1.20 लाख रुपये है तथा मनरेगा के तहत 90 हाजरी की मजदूरी दिया जाता है । उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम आवास की राशि शहर नगर मे 2.40 लाख देय है तथा वहीं ग्रामीण अंचल मे 1.20 लाख रुपये है । समाग्री व मजदूरी दर शहर व ग्रामीण अंचल मे महंगाई दोनों बराबर है ,महंगाई सभी जगह एक समान है परंतु प्रशासन को शहर मे महंगाई ज्यादा दिख रहा है एवं ग्रामीण अंचल मे सस्ता दिख रहा है। ग्रामीण अंचल की पीएम आवास सहयोग राशि कम से कम 2 से 3 लाख रुपये तथा मनरेगा मजदूरी 150 हाजरी मिलना चाहिए जिससे ग्रामीण अंचल के कमजोर तबके के लोग आसानी से पीएम आवास का निर्माण कर सके । वर्तमान मे पीएम आवास निर्माण की राशि कम होने के कारण हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण करने मे पसीना छूट रहा है क्यों कि सहयोग की उक्त राशि बहुत ही कम है । वर्तमान मे निर्माण हुए पीएम आवास की भीतरी भाग मे प्लास्टर तक नहीं हुए है ये लगभग रायपुर जिले के सभी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों की बुरा हाल है । इतनी कम राशि आवास निर्माण के लिये कुछ नही है । पीएम आवास की सहयोग राशि शहर, नगर मे मिलने वाली 2.40 लाख की तरह ग्रामीण आवास को भी मिलना चाहिए ताकि केंद्र सरकार की मंशानुरूप पीएम आवास का निर्माण पीएम आवास हितग्राही कर सके ।

## निधन

### राधेश्याम गुप्ता



**पलारी।** नगर पलारी के वार्ड नं 14 निवासी राधेश्याम गुप्ता (40) का आकस्मिक निधन हो गया है । उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए । वे नारद गुप्ता के पुत्र और दीपक गुप्ता के भैय्या थे।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र को
बेमेतरा जिला के अंतर्गत नांदघाट, मारो में एजेंसी देना है
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड, सुंदर नगर
चाचा प्रॉपर्टी के नीचे, बेमेतरा
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

# भाजपा मंडल बैठक में हुई रजत जयंती की तैयारियों की समीक्षा

## पूर्व जिला मंत्री कृष्ण कुमार पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

स्थानीय सिंघम काम्प्लेक्स में भारतीय जनता पार्टी लवन मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व जिला मंत्री कृष्ण कुमार पटेल मुख्य अतिथि और बैठक प्रभारी के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25वें वर्ष को रजत जयंती के रूप में मनाने की तैयारियों पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से किया जाएगा। बैठक में उपस्थित मुख्य वक्ताओं में कृष्ण कुमार पटेल, जिला संयोजक गिरधारी लाल वर्मा, मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया कि वे कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



### ये रहे उपस्थित

आज के कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लाहोद रामलाल कुर्रे, नगर पंचायत लवन अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान, नगर पंचायत लवन उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू, मंडल उपाध्यक्ष हेमंत साहू, मंडल महामंत्री द्वय चंद्रभूषण वर्मा, नरेश साहू, दुर्गेश बाजपेयी, अजय साहू, सुरेंद्र बार्वे, चूड़ामणि सिंघम, अमित वर्मा , गेंदराम सेन, रमाशंकर साहू , अखिलेश मिश्रा, नरोत्तम साहू, डेविड कुमार प्रजापति, ओमप्रकाश वर्मा के अलावा बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

दर्रा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अद्भुत वर्णन

# भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं उनकी दिव्य शक्ति व प्रेम का अनुभव कराती हैं: पं. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

- गोवर्धन धारण, 56 भोग और महारास लीला की कथाओं से श्रोताओं ने भक्ति का किया अनुभव
- भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाएं हमें उनकी दिव्य शक्ति और प्रेम का अनुभव कराती है: पंडित देव कृष्ण

ग्राम पंचायत दर्रा (गिरौदपुरी) के गुड़ी चौक में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन कथा वाचक आचार्य पंडित देव कृष्ण शर्मा टेमर शक्ति वाले ने उपस्थित श्रोतागणों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं गोवर्धन धारण 56 भोग और महारास लीला कथा के बारे में विस्तार से बताया। आचार्य पंडित देव कृष्ण शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं हमें उनकी दिव्य शक्ति और प्रेम का अनुभव कराती हैं।

उन्होंने अपने बचपन में कई अद्भुत लीलाएं कीं जिन्हें सुनकर और देखकर हमारा मन भक्ति से भर जाता है। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में उनके माता-





पिता और गोकुल के लोगों के प्रति प्रेम और करुणा का भाव देखा जा सकता है। गोवर्धन धारण की कथा सुनाते हुए आचार्य पंडित देव कृष्ण शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर इंद्र के कोप से गोकुल के लोगों की रक्षा की थी। इस कथा से हमें यह शिक्षा मिलती है कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

### श्रीकृष्ण की दिव्य शक्ति और प्रेम का प्रतीक है 56 भोग: आचार्य

आचार्य पंडित देव कृष्ण शर्मा ने 56 भोग की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाता है, जो उनकी दिव्य शक्ति और प्रेम का प्रतीक है। इस कथा से हमें यह शिक्षा मिलती है कि भगवान को अपने भक्तों की भक्ति और प्रेम सबसे अधिक प्रिय है। महारास लीला कथा के बारे में आचार्य पंडित देव कृष्ण शर्मा ने कहा कि यह कथा भगवान श्रीकृष्ण और गोपियों के बीच के प्रेम और भक्ति का प्रतीक है। इस कथा से हमें यह शिक्षा मिलती है कि भगवान को अपने भक्तों का प्रेम और भक्ति सबसे अधिक प्रिय है।

### ये रहे उपस्थित

ग्राम पंचायत दर्रा के गुड़ी चौक में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन आचार्य पंडित देव कृष्ण शर्मा टेमर शक्ति वाले के द्वारा दी गई कथा और उपदेश से उपस्थित श्रोतागणों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं गोवर्धन धारण 56 भोग और महारास लीला कथा के बारे में जानने का अवसर मिला। आज के कथा में पहुंचे श्रोतागणों में साहेब लाल साहू, केशव कुमार साहू, चितराम ध्रुव, बिसौहा साहू, कोदा राम पटेल, घासीराम पटेल, चैतराम साहू, जवालाल पटेल, साधूराम साहू, गुमान सिंह ध्रुव, आदि उपस्थित थे।

रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा कर्मी का बैग चोरी

# आरपीएफ के हत्थे चढ़ा एक संदिग्ध, दूसरे की तलाश जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- सीसीटीवी फुटेज में चोरी का खुलासा

बीते 18 अक्टूम्बर की रात एक सीमेंट संयंत्र मे कार्यरत सुरक्षा कर्मी किशोर द्विवेदी भाटापारा रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 3-4 मे बैठकर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे इसी बीच उनके पास रखा बैग किसी ने चुरा लिया बैग चोरी की जानकारी किशोर ने जीआरपी पुलिस को दी इसके बाद सुबह आरपीएफ पोस्ट को भी बैग चोरी की जानकारी दी।

इस संबंध मे आरपीएफ पोस्ट प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया चोरी की घटना का सीसीटीवी फूटेज की जांच करायी, जिसमे प्रार्थी के पास वह बैग सीसी टीवी मे देखा वही बैग चोरी मे संलिप्त दो संदिग्ध भी नजर आये जिसके लिए आरपीएफ पुलिस ने टीम गठित की। वहीं इसकी जानकारी शहर एवं ग्रामीण थाना को भी दी गई, इसी क्रम मे 27 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली की पटपर नहर के पास एक बैग पडा हुआ है सूचना पर एसडीओपी भाटापारा के नेतृत्व मे पोस्ट प्रभारी भाटापारा संतोष कुमार शुक्ला, उपनि सी एस मिश्रा, चौकी प्रभारी जीआरपी भाटापारा एवं स्टाफ मिलकर पटपर के पास स्थित नाले से चोरी की गई दो नाली बंदूक एवं बैग को बरामद कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लाया गया एवं मामले मे संलग्न संदिग्ध छोटू सांवरा को आरपीएफ पुलिस ने गिरफ्तार कर एक अन्य अज्ञात आरोपी की तलाश की जा रही है।

# संतोष घृतलहरे को मिला गुरु घासीदास चेतना सम्मान अवार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

सतनाम के फुवारा लोक कला साहित्य सृजन अकादमी जैजैपुर जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ में प्रलेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें 21 अलग-अलग विधाओ से उत्कृष्ट लोगों क्रो सम्मान किया गया । सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जांजगीर चांपा लोकसभा के सांसद कमलेश जांगड़े, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष सक्ती पुष्पा परेदेशी खुटे की उपस्थिति रही । राज्य अलंकार सम्मान समारोह 2025 में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध पंथी कलाकर, लेखक, शिक्षक ग्राम सेमरा गिधौरी निवासी संतोष घृतलहरे को गुरूघासीदास समाजिक चेतना अवार्ड प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है । संतोष घृतलहरे सम्मानित होने पर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज कसडोल ईकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर, मदन खाण्डेकर, जयवर्धन राय, नंदकुमार बंजारे, मोहर साय चेलक, गौरी देवी,लता पुष्पकारक सोनवानी, नकुल प्रसाद बांधे, चिरंजीव मनहर, श्रीचंद रत्नाकर, विनोद कुमार चेलक, कृष्ण कुमार मिरी, दीपक सांडे आदि सभी ने खुशी जाहिर कर बधाई दी।



# भाटापारा में आदिगौड़ ब्राह्मण महासभा ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

श्रीआदिगौड़ ब्राह्मण महासभा का दीपावली मिलन समारोह कुंदन भवन में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम समस्त देवी देवताओं के जयघोष के साथ समाज के अध्यक्ष हरगोपाल शर्मा द्वारा उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं को दीपावली की मंगलमयी शुभकामनाएं दी एवं सामाजिक भवन में हो रहे विकास कार्यों से उन्हें अवगत कराया तथा भविष्य में समाज के उत्थान के लिए होने वाले कार्यों की रुपरेखा रखी ।

इस अवसर पर समाज के अन्य सदस्यों ने भी समाज हित में अपने विचार रखे । इस दीपावली मिलन समारोह में समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं ट्रस्टी रमेश तिवारी, डा ओपी शर्मा, अनिल भृगु, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, संतोष शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, सुशील भृगु, देवेंद्र भृगु, रुपेश तिवारी, रवि भृगु, राजेंद्र शर्मा, धनश्याम वैष्णव, प्रमोद शर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा, नरेश शर्मा, राजेश भृगु, विजय पाण्डेय, देवा शर्मा, प्रमेन्द्र भृगु, प्रमेंद्र तिवारी, तरुण पाण्डेय, मधुसूदन शर्मा, देवनारायण शर्मा, रवि पाण्डेय, राजू तिवारी, आतिश शर्मा, शिवा तिवारी, नरेंद्र शर्मा, शैलेश दवे एवं मंदिर के पुजारी पंडित रमाकांत त्रिपाठी सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे अंत में सभी के प्रति आभार समाज के महासचिव विजय पाण्डेय द्वारा किया गया।

# भवानीपुर में तीसरी बार होगी भव्य संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

- 1 से 9 नवम्बर तक गिधपुरी के श्री सिध्देश्वर शिव मंदिर प्रांगण में होगा ज्ञान यज्ञ
- कलश यात्रा, भजन-कीर्तन और संगीतमय कथा से भरेंगे ग्रामीणों का आध्यात्मिक उत्साह

ग्राम गिधपुरी में तीसरी बार नौ दिवसीय भव्य संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। यह आध्यात्मिक आयोजन 1 नवम्बर से 9 नवम्बर तक श्री सिध्देश्वर शिव मंदिर प्रांगण पर आ यो जि त कि या जाएगा। इस कार्यक्रम के आ यो ज क सं दी प पा ण्डे य - सीमा पाण्डेय है। पाण्डेय परिवार, ग्रामवासियों और आस-पास के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोरों पर हैं।

पंडित जी के मार्गदर्शन पर गांव के ग्रामीण द्वारा प्रत्येक दिन सेवा भाव से प्रातः कालीन सुबह 4:00 बजे उठकर गली भ्रमण करते हुए रामधुनी से प्रतिक्रमा किया जाता है जिसे ग्रामीणों द्वारा सुबह-सुबह उनका अभिनंदन भी किया जाता है जो की बहुत ही आकर्षण का केंद्र बना हुआ है कि प्रत्येक दिन भगवान की कीर्तन भजन करते हुए गांव के चौक चौराहा में भ्रमण करते हुए श्री राम जय राम जय जय राम करते हुए भ्रमण करते हैं।



### भव्य कलश यात्रा के साथ होगा शुभारंभ

कथा का शुभारंभ 1 नवम्बर शनिवार को एक भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। सुबह 10 बजे संदीप पाण्डेय और सीमा पाण्डेय के निज निवास से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए तालाब से पवित्र जल भरकर कथा स्थल मंदिर प्रांगण पहुँचेगी। वहाँ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कथा का विधिवत शुभारंभ होगा। मुख्य यजमान संदीप पाण्डेय ने बताया कि कथा का वाचन प्रख्यात कथावाचक पंडित झम्मन शास्त्री महाराज करेंगे। श्री शिव महापुराण कथा का संगीतमय वाचन प्रत्येक दिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। आयोजन समिति पाण्डेय परिवार एवं समस्त ग्रामवासी गिधपुरी ने सभी धर्म प्रेमियों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुण्य कथा का श्रवण करें और धर्म लाभ लें।

मंडावी गौटिया बेड़ा सम्मेलन


# पुरखों की विरासत और परिवार की एकता को सहेजने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

ग्राम टोपा में मंडावी परिवार का गौटिया बेड़ा बैठक किया गया। इस अवसर पर आसपास के 15 गांवों के मंडावी परिवार के सियान (परिवार प्रमुख) एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में परिवार की एकता, शिक्षा, संगठन, परंपरा और संस्कृति को सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान मंडावी परिवार के बुजुर्गों ने कहा कि पुरखों द्वारा स्थापित मूल्यों परंपराओं और विरासत को सहेजना ही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मंडावी परिवार का विस्तार वर्तमान में लगभग 7 जिलों और 60 से 70 गांवों तक फैला हुआ है, और यह सम्मेलन परिवार के सदस्यों को पुनः जोड़ने एवं पारस्परिक संबंधों को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। परिवार के सदस्य रूपेश नागवंशी ने बताया कि हमारे पुरखों ने जो एकता भाईचारे और संस्कृति की नींव रखी थी उसी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह बैठक किया गया है।



आने वाली पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी वर्ष फरवरी 2026 में एक वृहद मंडावी गौटिया बेड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें 7 जिलों से लगभग 60 गांवों के परिवार शामिल होंगे। यह सम्मेलन मंडावी परिवार के संगठन, एकता और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल साबित होगा। उक्त बैठक में ग्राम टोपा से मनहरन मंडावी, रमेश मंडावी, सदाराम मंडावी, रतन मंडावी, मधु मंडावी, ललित मंडावी, रामजी मंडावी, संतोष मंडावी, जय मंडावी, गणेश मंडावी (जूनवानी बेमेतरा), गोठू मंडावी, किशोर मंडावी (मल्दी), रामप्रसाद मंडावी (परसाडीह),ओंकार मंडावी (भाटापारा), अंजोरी मंडावी, आजू मंडावी (बेंदरी) प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411